प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

8 अक्तूबर 2025

## जन जागरूकता के लिए आरबीआई का सत्यापित व्हाट्सएप चैनल
## (दूसरा अकाउंट जोड़ा गया)

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), 'आरबीआई कहता है' (आरबीआई कहता है) पहल के अंतर्गत प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो, डिजिटल प्लेटफॉर्म और टेक्स्ट मैसेज जैसे विभिन्न माध्यमों से जन जागरूकता अभियान चला रहा है।

अपनी पहुंच का और विस्तार करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने जन जागरूकता संबंधी संदेशों और महत्वपूर्ण अपडेट के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए अप्रैल 2025 में अपने सत्यापित व्हाट्सएप चैनल का लोकार्पण किया था।

इस पहल के माध्यम से, रिज़र्व बैंक का लक्ष्य है कि महत्वपूर्ण वित्तीय जानकारी को सरल, प्रत्यक्ष और प्रभावी तरीके से जनता के लिए अधिक सुलभ बनाया जाए, जिससे वित्तीय पारितंत्र में विश्वास और आघात-सहनीयता और सुदृढ़ हो सके।

नागरिक अब सत्यापित अकाउंटों 99309 91935 (जोड़े जा रहे हैं) और 99990 41935 (पहले से उपयोग में हैं) के माध्यम से व्हाट्सएप पर भारतीय रिज़र्व बैंक से आधिकारिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे केवल उन्हीं आधिकारिक भारतीय रिज़र्व बैंक अकाउंटों को फ़ॉलो करें जिन पर ब्लू टिक सत्यापन चिह्न हो।

रिज़र्व बैंक, नागरिकों को सत्यापित व्हाट्सएप चैनलों को फॉलो करके और आधिकारिक वेबसाइट www.rbi.org.in पर जाकर सूचित और जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित करता है।




(ब्रिज राज)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1276